इंतजार बसों में नहीं चालू हुआ आईटीएस सिस्टम, जुलाई-अगस्त तक करना होगा ' सफर '

शहर में स्मार्ट बस सेवा का हो रहा इंतजार

नवभारत, जबलपुर। शहर में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बनाने की दिशा में इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम की चर्चा बढ़ चढ़ कर हो रही थी, लेकिन फिलहाल शहर की बस सेवाओं में यह व्यवस्था लागू नहीं हो सकी है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार आगामी जुलाई-अगस्त में इस योजना को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। जेसीटीएसएल के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की बसों में कुछ तकनीकी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं। बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम की सुविधा दी गई है और पैनिक बटन भी लगाए गए हैं, हालांकि अभी उनका इंटीग्रेशन नहीं किया गया है। वहीं कुछ बसों में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। शहर में कुल 50 बसें उपलब्ध हैं, जिनमें से करीब 40-45 बसें ऑन रोड संचालित हो रही हैं।

सुरक्षा व्यवस्था पर रोज उठाए जा रहे सवाल

यात्रियों का कहना है कि सभी बसों में सीसीटीवी नहीं होने से विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। लोगों का मानना है कि यदि सभी बसों में निगरानी व्यवस्था और स्मार्ट फीचर्स लागू हों तो यात्रा अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो सकती है।

बस स्टॉप पर सुविधाएं लेकिन सफाई नहीं

शुक्रवार को नवभारत द्वारा की गई पड़ताल में सामने आया कि बस स्टॉप की स्थिति को लेकर यात्रियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई।

कुछ स्टॉप्स पर बैठने और शेड की व्यवस्था ठीक बताई गई, लेकिन कई जगहों पर सफाई की समस्या सामने आई। यात्रियों ने बताया कि बस कब आएगी और कब जाएगी इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिलती, जिससे लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है और असुविधा होती है।

आइटीएस से बदल सकती है शहर की बस सेवा

यदि आने वाले समय में आइटीएस लागू होता है तो यात्रियों को बसों की लाइव जानकारी, बेहतर मॉनिटरिंग, सुरक्षा सुविधाएं और समयबद्ध संचालन जैसी सुविधाएं मिल सकती हैं। फिलहाल शहर की बस सेवा में कुछ तकनीकी सुविधाएं मौजूद हैं, लेकिन यात्रियों को पूर्ण स्मार्ट ट्रांसपोर्ट अनुभव के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है।

इनका कहना है

बसों में सुविधा है लेकिन हर बस में सीसीटीवी नहीं होने से खासकर महिलाओं को सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।
शिवानी उईके

जीपीएस जैसी सुविधा होने के बाद भी बस की सही जानकारी नहीं मिल पाती।
सोमनाथ तिवारी

बस स्टॉप पर व्यवस्था तो ठीक है लेकिन कई जगह सफाई की समस्या रहती है। बसों की टाइमिंग की जानकारी भी साफ नहीं मिलती।
सलीम



कई बार बस में जरूरत से ज्यादा यात्री चढ़ जाते हैं, जिससे बैठने की जगह नहीं मिलती और सफर में असुविधा होती है।
ओंकार

संघमित्रा, मेल और महानगरी में बिना टिकिट यात्रा करने वालों पर कार्यवाही

जबलपुर, नवभारत। ग्रीष्मकालीन अवधि में ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ एवं आरक्षित यात्रियों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान 21 मई को जबलपुर स्टेशन पर संघमित्रा एक्सप्रेस न. 12295, रांची मुंबई एक्सप्रेस 18609, महानगरी एक्सप्रेस 22178, मुंबई मेल 12321 एवं 12168 सहित आधा दर्जन यात्री गाड़ियों में यह विशेष सघन टिकट जांच अभियान रेलवे मजिस्ट्रेट वेद प्रकाश सगर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में चल टिकट निरीक्षक, टिकट चेकिंग स्टाफ, रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गहन जांच की गई। बता दे कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ के कारण कई बार बिना टिकट अथवा अनियमित यात्री आरक्षित कोचों में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे आरक्षित टिकट धारक यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के उद्देश्य से अभियान के दौरान विशेष रूप से आरक्षित कोचों में जांच पर बल दिया गया।

पकड़े गए यात्रियों से वसूला जुर्माना

जांच अभियान के दौरान 52 बिना टिकट यात्री, 108 अनियमित यात्री तथा 1 यात्री को गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया। इस प्रकार कुल 161 यात्रियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए लगभग 1 लाख रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया। अभियान में शामिल टीम ने नियम उल्लंघन करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ-साथ यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने एवं रेलवे नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे आरक्षित कोचों में अनधिकृत प्रवेश न करें तथा वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें, जिससे सभी यात्रियों को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध हो सके।

घरेलू गैस सिरेंडर की रिफिलिंग व कालाबाजारी मामले में कोर्ट सख्त

जबलपुर। अपर सत्र न्यायालय ने घरेलू गैस सिरेंडर की रिफलिंग व कालाबाजारी के आरोपी जबलपुर निवासी किराना दुकान संचालक अजय साहू व प्रीति साहू की अपील निरस्त कर दी। इसी के साथ एक-एक साल की सजा बरकरार रखी गई है। राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपियों द्वारा किराना दुकान की आड़ में गैर कानूनी तरीके से मिट्टी तेल, गैस सिलेंडर की रिफलिंग व ब्लैक मार्केटिंग खुलेआम की जा रही थी। जिसकी लिखित शिकायत जिला खाद्य नियंत्रक अधिकारी, जिला खाद्य शाखा जबलपुर को प्राप्त होने पर शिकायत के आधार पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा अजय किराना स्टोर की आकस्मिक जांच की गई। मौके पर 10 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर, तीन इंडेन के भरे हुए, दो भारत गैस कंपनी के, पांच एचपी कंपनी के जो कुछ भरे और कुछ खाली जप्त किए गए। कागजातों की मांग किए जाने पर कोई भी कागजात नहीं दिखाए जाने पर मौके पर उपस्थित लोगों से पूछताछ किए जाने पर बताया गया कि उक्त किराना दुकान में गैस सिलेंडर की कीमत के अतिरिक्त पांच सौ रूपये प्रति सिलेंडर को ब्लैक पर बेचा जाता है और एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस पलटने का काम किया जाता है। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर विचारण न्यायालय ने विचारण हेतु प्रस्तुत किए जाने पर आरोपी प्रीति साहू व अजय कुमार साहू को आवश्यक वस्तु अधिनियम अंतर्गत एक वर्ष के कारावास व एक-एक हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। भारतीय विस्फोटक अधिनियम के अपराध में एक वर्ष के कारावास व 500 रूपये जुर्माने से दंडित किया गया था। इसी सजा को अपील के जरिए चुनौती दी गई थी।

पमरे में ईद का अवकाश 28 को

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय कार्मिक विभाग जबलपुर ने ईद-उल-जुहा यानी बकरीद के त्योहार पर दिए जाने वाले सामान्य अवकाश की तारीख में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। रेलवे बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 22 मई को जारी किए गए एक नए पत्र और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन को आधार बनाते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक ने सक्षम अधिकारी की मंजूरी से यह नया संशोधित आदेश जारी किया है। इस नए सरकारी आदेश के तहत पहले बकरीद की छुट्टी 27 मई को तय की गई थी।

मूल समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

नवभारत, जबलपुर। चितरंजन दास वार्ड और आसपास के क्षेत्रों की बुनियादी समस्याओं को लेकर पार्षद प्रमोद पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गोहलपुर चौक पर धरना प्रदर्शन किया। आंदोलन की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम की ओर से सक्षम अधिकारी कमलेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की सभी मांगों को स्वीकार करते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर विकास कार्य शुरू नहीं हुए, तो उग्र रुख अपनाते हुए अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे नगर निगम के सक्षम अधिकारी कमलेश श्रीवास्तव ने आंदोलनकारियों की सभी मांगों पर गौर किया। उन्होंने वार्ड की मूल समस्याओं के त्वरित निराकरण की बात कहते हुए सभी मांगों को स्वीकार किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर धरातल पर कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, जिसके बाद ही नेताओं ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एकजुट हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक लखन घनघोरिया, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा शामिल हुए। इनके साथ ही पार्षद अख्तर अंसारी, कलीम खान, राकेश पांडेय, पूर्व पार्षद ताहिर अली, इश्तियाक अंसारी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

एक नजर में

मुसर्रत बेगम का निधन

जबलपुर। अमन चौक सैफ नगर निवासी मुसर्रत बेगम का निधन हो गया है वे मरहूम हाजी चुन्नू खान की बड़ी बहू एवं अधिवक्ता निसार खान की पत्नी व अधिवक्ता नईम खान,फोटोग्राफर रासिद खान की भाभी एवं नवभारत के सिटी चीफ अजहर खान की मां थी। उन्हें मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। इस मौके पर पत्रकार जगत, विधिजगत सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के विशिष्टजन मौजूद रहे।

जबलपुर-बान्द्रा साप्ताहिक स्पेशल का नियमित नम्बर से होगा परिचालन

जबलपुर, नवभारत। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं उनकी मांग पर संचालित गाड़ी संख्या 02134/33 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अब गाड़ी संख्या 20164/63 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित नंबर से चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन जबलपुर से 29 मई और बान्द्रा टर्मिनस से 30 मई से नियमित नम्बर से परिचालन किया जाएगा बता दें कि गाड़ी संख्या 20164 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 29 मई से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से शाम 17:00 बजे प्रस्थान कर नरसिंहपुर 18:03 बजे, पिपरिया 19:03 बजे, इटारसी 20:30 बजे, नर्मदापुरम 21:03 बजे, भोपाल 22:30 बजे, संत हिरदाराम नगर 23:03 बजे, पहुँचकर अगले दिन उज्जैन पर मध्यरात्रि 02:10 बजे, रतलाम 03:50 बजे, वडोदरा जंक्शन 07:40 बजे, सूरत 10:05 बजे, वापी 11:37 बजे तथा बोरीवली पर 13:23 बजे ठहराव लेते हुए शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस दोपहर 14:15 बजे पहुँचेगी।

कोच संरचना-इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे।

वाणिज्य कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल में शुक्रवार को प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार रजक के निर्देशन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा द्वारा वाणिज्य विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टिकट चेकिंग, माल राजस्व, बुकिंग कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि अर्जित करने वाले कुल 55 वाणिज्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में वाणिज्य निरीक्षक, टिकट चेकिंग स्टाफ, बुकिंग कर्मचारी एवं मालवाड़ा कर्मचारी शामिल रहे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने सभी कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखें, जिससे रेलवे की सेवाओं एवं राजस्व में निरंतर वृद्धि हो सके।

इनकी रही उपस्थिति -कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-डॉ. शशांक गुप्ता, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने सम्मानित कर्मचारियों को उनकी विशेष उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दीं।

स्लॉट बुकिंग व उपार्जन से वंचित हुए हजारों किसान

भारतीय किसान संघ और किसानों ने सरकार व प्रशासन को दी चेतावनी

नवभारत,जबलपुर। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों गांवों के किसानों ने गेहूं उपार्जन में व्याप्त अव्यवस्थाओं और बदहाली के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय के समीप स्थित घंटाघर पहुंचकर अपना रोष व्यक्त करते हुए दो घंटे तक जबरदस्त प्रदर्शन किया। 45 डिग्री के तापमान में किसानों के गुस्से का पारा चढ़ा दिखा और उन्होंने सरकार व प्रशासन को स्लॉट बुकिंग न होने, खरीदी केंद्रों पर वारदाने की कमी, पानी व छाया का इंतजाम न होने जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर जमकर कोसा। इस मौके पर प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल व अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने प्रशासन व सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि उपार्जन अव्यवस्था के चलते यदि जिले के चौदह हजार किसान स्लॉट बुकिंग व उपार्जन से वंचित होते हैं तो सभी किसान कलेक्टर कार्यालय लाकर अपना गेहूं भर देंगे और अपने परिवार सहित अपना डेरा भी वहीं रख देंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह को सौंपे ज्ञापन में किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की गेहूं उपार्जन संबंधी बाधाओं को जल्द दूर नहीं किया गया, तो किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

कलेक्टर की सलाह से नाराज किसान

उपार्जन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर द्वारा किसानों को मंडी में फसल बेचने की सलाह देने से किसान खासे नाराज दिखे। जिलाध्यक्ष रामदास पटेल व जिला मंत्री धनंजय पटेल ने बताया कि प्रशासन व्यवस्थाएं बनाने में नाकाम साबित हुआ है। जिसके कारण मंडियों में जाने की सलाह दे रहा है। जहाँ समर्थन मूल्य और बाजार भाव में 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल का बड़ा अंतर है, जिससे किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है। भारतीय किसान संघ के धरना प्रदर्शन में सैकड़ों गांवों के किसानों के साथ भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, संभाग उपाध्यक्ष व विद्युत नियामक आयोग के सदस्य दामोदर पटेल, प्रांत मंत्री आलोक पटेल, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, जिला मंत्री धनंजय सिंह पटेल, जिला प्रचार प्रमुख भरत पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष मुकुल पचौरी, मझौली तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, अटल पटेल, प्रेमचंद कुर्मी, धरम पटेल, रीतेश पचौरी सहित जिले भर के किसान उपस्थित रहे।

ये हैं किसानों की प्रमुख मांगें

- महाकौशल प्रांत के 24 जिलों के लगभग 1,18,400 किसान सर्वर की खराबी के कारण अपने स्लॉट बुक नहीं कर पाए हैं। इसलिए स्लॉट बुकिंग तत्काल प्रारंभ हो।
- केंद्रों से गेहूं का शीघ्र परिवहन कर तत्काल भुगतान प्रक्रिया में गति लाई जाए।
- उपार्जन केंद्रों पर पेयजल, किसानों के बैठने के लिए छाया की व बारदानों की भारी पर्याप्त व्यवस्था की जाए।
- सर्वर की खामियां दूर कर पंजीकृत सभी किसानों की स्लॉट बुकिंग सुनिश्चित की जाए।
- उपार्जन केंद्रों पर व्यापारियों की घुसपैठ बंद हो।

जबलपुर-पुणे अब नियमित नंबर से चलेगी

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं उनकी मांग पर संचालित गाड़ी संख्या 02132/02131 जबलपुर-पुणे-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अब *गाड़ी संख्या 20162/20161 जबलपुर-पुणे-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित नंबर से चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन जबलपुर से 24 मई और पुणे से 25 मई से नियमित नम्बर से परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 20162 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 24 मई से प्रत्येक रविवार को जबलपुर से दोपहर 13:50 बजे प्रस्थान कर मदनमहल 14:00 बजे, नरसिंहपुर 14:58 बजे, पिपरिया 16:03 बजे, इटारसी 17:20 बजे, हरदा 18:16 बजे, बुरहानपुर 20:45 बजे, भुसावल 21:45 बजे पहुँचकर अगले दिन मनमाड़ पर मध्यरात्रि 00:10 बजे, कोपरगाँव 01:12 बजे, बेलापुर 01:57 बजे, अहिल्यानगर 02:57 बजे तथा दौड़ कॉर्ड लाइन पर 04:33 बजे ठहराव लेते हुए सोमवार को पुणे सुबह 06:25 बजे पहुँचेगी।

बैठक जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

भेड़ाघाट को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र एवं कटंगी को आर्थिक-सामाजिक हब बनाने मंथन

नवभारत,जबलपुर। भेड़ाघाट को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र एवं कटंगी को आर्थिक-सामाजिक हब बनाने की दिशा में अब कार्य तेज होंगे। इसके लिए कलेक्टर ने अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए हैं। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में जिला शहरी विकास अभिकरण की जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बरगी विधायक नीरज सिंह, सिहोरा विधायक संतोष वरकड़े, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान अमृत 2.0 अंतर्गत अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के तहत हरित क्षेत्र विकास, जल निकायों के कायाकल्प, जल प्रदाय एवं सीवरेज कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। नगरीय परिषद वार प्रगति की जानकारी लेते हुए पौधारोपण, पाथ-वे निर्माण, वॉटर बॉडी विकास एवं सौंदर्यीकरण संबंधी कार्यों पर भी चर्चा हुई।

इस मौके पर केंद्र सरकार की नई प्रायोजित योजना अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं की भी जानकारी प्रस्तुत की गई।

इस दौरान प्रस्तावित परियोजना-1 के तहत कटंगी को शहरी बुनियादी ढांचे के रूप में विकसित करते हुए लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से आर्थिक एवं सामाजिक हब बनाने की योजना पर चर्चा हुई, वहीं प्रस्तावित परियोजना-2 के अंतर्गत भेड़ाघाट को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण कार्यों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बरगी विधायक नीरज सिंह ने भेड़ाघाट स्वर्गद्वारी रोड के सौंदर्यीकरण, गार्डन, ग्रीन पार्क, जूलॉजिकल गार्डन, बेहतर लाइटिंग व्यवस्था एवं स्वीमिंग पूल निर्माण के सुझाव दिए, जिससे भेड़ाघाट को आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। जिसके बाद कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं को बड़े स्तर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार करें। बैठक में यूसीएफ अंतर्गत पनागर क्षेत्र के सुंदरवन को ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने पर भी चर्चा की गई।

सिहोरा क्षेत्र में विकास के कार्यों की गति धीमी

सिहोरा विधायक संतोष वरकड़े ने सिहोरा क्षेत्र में प्रगतिरत कार्यों की धीमी गति एवं स्थानीय समस्याओं की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिहोरा एवं मझौली क्षेत्र में पेयजल समस्या की समीक्षा करते हुए सभी स्थानों पर सुचारु पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण, कचरा संग्रहण एवं परिवहन व्यवस्था की भी नगरीय निकायवार समीक्षा की गई। कचरे के संग्रहण एवं कठौंदा कचरा प्लांट तक परिवहन की स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिन निकायों में कचरे के ढेर लगे हैं, वहां शीघ्र परिवहन सुनिश्चित किया जाए तथा समस्याग्रस्त क्षेत्रों में नगरीय परिषदों के साथ समन्वय बैठक कर कार्ययोजना तैयार की जाए। वहीं नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कठौंदा कचरा प्लांट से संबंधित कार्ययोजना की जानकारी दी।